पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल की बधाई
विकास के लिये आपसी सौहार्द जरूरी - श्री नाईक

लखनऊः 14 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने देश के महापुरूषों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरांगनाओं को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमारी इस आजादी ने हमें सम्मान के साथ जीने का मार्ग दिखाया, स्वाधीनता ने हमें समृद्धि दी और लोकतांत्रिक व्यवस्था ने हमें समस्त भेदभावों से दूर रखकर विकास और उन्नति की ओर निरन्तर अग्रसर रखा।

राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई सन्देश में कहा है कि उत्तर प्रदेश ने स्वाधीनता संग्राम में जहां महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तो वहीं राष्ट्र को सुदृढ़ नेतृत्व भी प्रदान किया। क्रांतिकारियों से जो स्वराज हमें मिला है उसको असल रूप में कायम करने का काम हमे ही करना है। क्रांतिकारियों द्वारा दिलाई गयी स्वतंत्रता को सुराज में बदलने के काम को हम सबको मिलकर करना होगा। शहीदों का सपना सच करने का संकल्प ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

श्री नाईक ने कहा कि आजादी की लड़ाई में हिन्दू-मुस्लिम, सिख-ईसाई जैसा कोई भेदभाव नहीं था। विकास के लिये सभी वर्गों में आपसी प्रेम एवं सौहार्द के साथ कड़ी मेहनत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज उसी भाव के साथ देश एवं प्रदेश को विकास के पथ पर ले जाने की आवश्यकता है।